आवक 1235
दिनांक 2/5/2022

महात्मा गाँधी
चित्रकूट ग्रामोदय
विश्वविद्यालय, चित्रकूट,
सतना (म.प्र.)–४८५३३४

Mahatma Gandhi Chitrakoot
Gramodaya Vishwavidyalaya,
Chitrakoot, Distt- Satna,
(M.P.) - 485334

**सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास अध्ययन केन्द्र**

पंत्राक :सी.एम.सी.एल.डी.पी. /22/1868 दिनांक: 02/05/2022

प्रति,

कार्यपालक निदेशक

म.प्र. जन अभियान परिषद

भोपाल, म.प्र.

**विषय– एम.एस.डब्ल्यू. पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

म.प्र. शासन के मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित समाज कार्य परास्नातक (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास) पाठ्यक्रम के संदर्भ में अग्रिम कार्यवाही हेतु पार्श्व में संलग्न दिशा निर्देशों के अनुसार सत्र 2022–23 में एम.एस.डब्ल्यू. प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया हेतु कार्यवाही सम्पन्न करने की कृपा करें।

साभार।

2/5/22

(डॉ. अमरजीत सिंह)
निदेशक, सी.एम.सी.एल.डी.पी. एवं
लिंक अधिकारी, मध्यप्रदेश शासन

प्रतिलिपि:–

1. कुलपति महोदय के निजी सचिव
2. कुल सचिव महोदय

2/5/22

(डॉ. अमरजीत सिंह)
निदेशक, सी.एम.सी.एल.डी.पी. एवं
लिंक अधिकारी, मध्यप्रदेश शासन

# प्रवेश सूचना एवं दिशा निर्देश

म.प्र. शासन के मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित समाज कार्य परास्नातक (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास) पाठ्यक्रम, में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

## पाठ्यक्रम का उद्देश्य

- प्रशिक्षित मानव संसाधन विकसित करना जो विकास गतिविधियों से जुड़े सामाजिक उद्यमियों, सामुदायिक संगठनों के मध्य शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु सार्थक भूमिका का निर्वहन करेंगे।
- उच्च शिक्षा में सकल नामांकन दर की वृद्धि हेतु वंचित छात्रों को पाठ्यक्रम से जोडना।
- वंचित समूहों यथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाओं तथा गरीबी रेखा से नीचे व ड्राप आउट छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करना जो नियमित शिक्षा का खर्च वहन नहीं कर सकते हैं।
- सतत विकास लक्ष्यों एवं आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश (ANMP-2023) के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु स्थानीय संसाधन आधारित विकास मॉडल तैयार करने के लिए छात्रों में बौद्धिक क्षमता विकसित करना।

## विशेषताएँ

1. **नियमित छात्रों के समान अवसर की उपलब्धता**
2. **अन्य विश्वविद्यालयों से समतुल्यता एवं यू.जी.सी. (डी.ई.बी.) से मान्यता**
3. **पाठ्यक्रम का संचालन, नई शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानो के अनुरुप**
4. **व्यावहारिक अभ्यास कार्य पर विशेष बल**

## न्यूनतम अर्हता एवं आयु सीमा

1. किसी भी मान्यता प्राप्त महाविद्यालय/विश्वविद्यालय से 3 वर्षीय स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित समाजकार्य स्नातक सामुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्राथमिकता।

## आवेदन करने की विधि

- प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाइन लिंक– http://cmcldp.mpjapmis.org/Main/Student/Frm_OnlineStudentReg.aspx है। जिस पर 30 अप्रैल 2022 से 10 मई 2022 तक आवेदन कर सकेंगे।
- प्रवेश के लिये जिला समन्वयक अथवा विकासखण्ड समन्वयक म.प्र. जन अभियान परिषद से संपर्क करें, जो इच्छुक अभ्यर्थियों में से निर्धारित संख्या में चयनित अभ्यर्थियों का नाम प्रवेश हेतु जारी करेंगे।
- प्रवेश शुल्क कुल रु.6500/– जमा करना होगा।

3/5/22

- प्रवेश के पश्चात आवंटित पंजीयन क्रमांक ही अभ्यर्थी का अनुक्रमांक होगा जिसका उल्लेख छात्र द्वारा किसी भी पत्राचार में किया जा सकेगा।

## प्रवेश हेतु दिशा निर्देश

2. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु http://cmcldp.mpjapmis.org/Main/Student/Frm_OnlineStudentReg.aspx है। जिस पर 30 अप्रैल 2022 से 10 मई, 2022 तक 100 रू शुल्क जमा कर अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।
3. दिनांक 11 मई 2022 तक प्राप्त आवेदन पत्रों की विकासखण्डवार 1 से 20 तक की मैरिट सूची या प्रथम सूची तैयार की जायेगी।
4. जिन अभ्यर्थियों के नाम मैरिट सूची में जारी कर दी जायेगी वे रूं 6500/-- शुल्क जमा कर अपना पंजीयन कर सकेंगे।
5. शेष सभी अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची जारी की जायेगी।
6. प्रथम सूची से प्रवेश न लेने पर रिक्त सीटों के लिए प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थी निर्धारित रू 6500/- शुल्क जमा कर पंजीयन फार्म भर सकते हैं।
7. 50 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी महिलाओं की सीट रिक्त होने पर पुरुष अभ्यर्थियों को अवसर दिया जा सकेगा।
8. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/EWS के लिए शासन के नियमानुसार सीटें आरक्षित रहेंगी।
9. अंतिम पंजीयन उसी का मान्य किया जायेगा जो मैरिट सूची में सूचीबद्ध पश्चात् निर्धारित शुल्क रू. 6500/- आनलाईन जमाकर हार्डकापी विकासखण्ड समन्वयक से प्रमाणित कराकर विकासखण्ड स्तर पर जमा कर देगें।

2/5/22

प्रारुप

# महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट (म.प्र.)

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्त्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित समाजकार्य स्नातक एवं परास्नातक (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास)

## पाठ्यक्रम के संचालन हेतु अकादमिक कैलेण्डर शैक्षणिक सत्र 2022–23

| क्र. | गतिविधि | दिनांक | दायित्व |
|---|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन फार्म भरने की तिथि | 01 मई 2022 से 10 मई 2022 तक | |
| 2 | प्राप्त आवेदन पत्रों की छंटनी एवं प्रवीणता सूची निर्माण | 11 मई 2022 तक | |
| 3 | शुल्क सहित आवेदन फार्म जमा करने की तिथि | 12 से 25 मई 2022 तक | |
| 4 | प्रतीक्षा सूची में आने वाले छात्रों को प्रवेश का अवसर प्रथम आओ प्रथम पाओ के सिद्धान्त पर सभी के लिए रिक्त स्थान भरने के लिए | 26 से 15 जून 2022 तक | |
| 5 | विकासखण्ड समन्वयकों एवं प्राचार्यों का दो दिवसीय आनलाईन उन्मुखीकरण | 4–5 जून 2022 | |
| 6 | विकासखण्ड समन्वयक द्वारा प्रमाणीकरण व आवेदन पत्रों की प्रमाणित एवं अग्रसारित प्रतियाँ विश्वविद्यालय की ओर से केन्द्रों में सुरक्षित रखने की तिथि | 30 जून 2022 तक | |
| 7 | सत्र आरम्भ<br>पाठ्यक्रम का अध्ययन–अध्यापन शुभारम्भ एवं पाठ्यसामग्री पुस्तको का विवरण | 10 जुलाई 2022 दिन रविवार से | |
| 8 | फील्ड वर्क के लिए छात्रवार गाँव का चयन (मासिक प्रदत्त कार्य एवं वर्ष पर्यन्त संचालित फील्ड वर्क का निर्धारण) | 17 जुलाई 2022 | |
| 9 | वार्षिक मूल्यांकन सी.सी.ई.<br>(प्रत्येक प्रश्नपत्र में 20 अंक का) | अप्रैल 2023 तक | |
| 10 | फील्डवर्क का फाइनल प्रक्टिकल परीक्षा प्रोजक्ट रिपोर्ट का सब्मिशन 20 अंक का | अप्रैल 2023 तक<br>बाह्य परीक्षक के साक्षात्कार के आधार पर | |
| 11 | प्रथम वर्ष की वार्षिक परीक्षा<br>(प्रत्येक प्रश्नपत्र में 70 अंक का) | मई 2023 | |
| 12 | परीक्षा परिणाम | जून 2023 | |

# कक्षा संचालन की समय–सारिणी

| कालखण्ड | समय | विषय / प्रश्नपत्र (प्रथम वर्ष) बी.एस.डब्ल्यू. | एम.एस.डब्ल्यू. |
|---|---|---|---|
| प्रथम | 10:00 से 10:50 | समाजकार्य का उद्भव एवं विकास | सामाजिक समूह कार्य (समूह एवं संस्थाएं) |
| द्वितीय | 10:50 से 11:40 | समाज कार्य एवं अन्य विचारधाराएँ | समाजकार्य अध्ययन के क्षेत्र |
| तृतीय | 11:40 से 12:30 | विकास की समस्यायें एवं मुद्दे | शोध प्रविधि |
| चतुर्थ | 12:30 से 1:20 | निम्नांकित में से कोई एक वैकल्पिक प्रश्नपत्र<br>1. व्यावसायिक प्रश्नपत्र<br>2. आधार पाठ्यक्रम (हिन्दी, अंग्रेजी, पर्यावरण, योग एवं ध्यान) | सतत विकास के आयाम |
| | 01:20 से 02:20 | भोजन अवकाश | भोजन अवकाश |
| पंचम | 02:20 से 03:10 | --- | वैकल्पिक धारा से चतुर्थ प्रश्नपत्र |

नोट–

1. प्रत्येक जिले / विकासखण्ड में पाठ्यक्रम की कक्षाएँ प्रत्येक रविवार को जिले के निर्धारित महाविद्यालय / उत्कृष्ट विद्यालय / डायट केन्द्र / निर्धारित विद्यालय में संचालित होंगी।
2. रविवार को किसी आकस्मिकता के कारण कक्षा संचालन न होने पर विशेष परिस्थितियों में प्रशिक्षणार्थियों की सहमति से कक्षाएँ अन्य दिवस में भी संचालित की जा सकती हैं।
3. अध्ययन केन्द्र में कक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए महाविद्यालय / उत्कृष्ट विद्यालय / डायट / निर्धारित विद्यालय के प्राचार्य अथवा उनके द्वारा नामित व्यक्ति नोडल अधिकारी होंगे। रविवार को कक्षों का खुलना, साफ–सफाई और पानी की व्यवस्था आवश्यकतानुसार बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित कराना उनका दायित्त्व होगा। विकासखण्ड समन्वयक जन अभियान परिषद उक्त व्यवस्थाओ के लिए निर्धारित राशि के भुगतान के लिए जिम्मेदार होंगें।
4. कक्षाओं में प्रशिक्षणार्थियों की 80 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में वे मूल्यांकन परीक्षाओं में शामिल नहीं हो सकेंगे।
5. प्रतिभागी एवं मेंटर्स किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये कार्यक्रम / पाठ्यक्रम की आधिकारिक बेवसाइट– http://www.cmcldp.org, ई–मेल Email- cmcldpcourse@gmail.com, हेल्पडेस्क / दूरभाष क्र. 07670-265622, 9343515178 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

***

विज्ञापन प्रारूप

# महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट

सतना, म.प्र.

(Center for Community Leadership Development Studies)

## बी.एस.डब्ल्यू. एवं एम.एस.डब्ल्यू. प्रवेश सूचना

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग व दूरवर्ती एवं संपर्क माध्यम से संचालित सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास में समाज कार्य स्नातक (बी.एस.डब्ल्यू.) एवं परास्नातक (एम.एस.डब्ल्यू.) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

| पाठ्यक्रम | न्यूनतम अर्हता | आयुसीमा | आवेदन शुल्क (रु.) | पाठयक्रम शुल्क प्रथम वर्ष (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| बी.एस.डब्ल्यू. (कम्युनिटी लीडरशिप एण्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट) | किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड/मण्डल/परिषद से 10+2 (इण्टरमीडिएट) परीक्षा उत्तीर्ण। | आयु-सीमा का बंधन नहीं, किन्तु 18 से 45 वर्ष के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता। | 100/- | रु.4500/- |
| एम.एस.डब्ल्यू. (कायुनिटी लीडरशिप एण्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक उपाधि। समाज कार्य स्नातक उपाधि धारक को वरीयता। | आयु-सीमा का बंधन नहीं, किन्तु 21 से 45 वर्ष के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता। | 100/- | रु.6500/- |

**प्रवेश हेतु आवेदन आनलाईन होंगे। अभ्यर्थी वेबसाईट –**

http://cmcldp.mpjapmis.org/Main/Student/Frm_OnlineStudentReq.aspx

पर 30 अप्रैल, 2022 से 10 मई 2022 तक रु 100/- जमा कर आवेदन कर सकेंगे। पंजीयन के लिये जिला समन्वयक अथवा विकासखण्ड समन्वयक म.प्र. जन अभियान परिषद से 20 मई 2022 के पश्चात् संपर्क करेंगे, जो आवेदित अभ्यर्थियों में से निर्धारित संख्या में चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी करेंगे। प्रथम वर्ष के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम शुल्क सहित आवेदन 25 मई 2022 तक जमा करना होगा। प्रवेश के पश्चात आवंटित पंजीयन क्रमांक ही अभ्यर्थी का अनुक्रमांक होगा जिसका उल्लेख छात्र द्वारा किसी भी पत्राचार में किया जा सकेगा। पूर्व में BSW (Community Leadership & Sustainable Development) के लिए आवेदन मान्य होंगें। उन छात्रों के लिए प्रथक से दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नही है। यह विज्ञापन पूर्व में जारी विज्ञापन पंत्राक/जनसम्पर्क/विज्ञापन आदेश/21/D-144 दिनांक 30/12/2021 के निरंतरता मे है।

निदेशक

कुलसचिव